दिनांक 29.05.2019 को अपरान्ह 03:30 बजे विश्वविद्यालय समिति कक्ष में मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में उदभवन परिषद की सम्पन्न प्रथम बैठक का कार्यवृत्त :

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुयें :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह, मा0 कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री राजेश कुमार, सहायक निदेशक, M.S.M.E., कानपुर। | सदस्य |
| 3. | श्री उमंग मिस्त्री, A.G.M., SIDBI, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 रघुराज सिंह, अधिष्ठाता, योजना एवं स्रोत जनन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 पी0के0 कमानी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष पेन्ट टेक्नोलॉजी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 कृष्ण राज, अधिष्ठाता, उद्भवन हब, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

उद्भवन परिषद के अध्यक्ष महोदय एवं सचिव द्वारा बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई :

मद सं0:01:01 **पूर्ववर्ती एच0बी0टी0आई0 कानपुर के विश्वविद्यालय में पुर्नगठन होने के फलस्वरूप उदभवन हब की प्रस्तावना एवं सारांश के सम्बन्ध में।**

उद्भवन हब के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय अधिनियम में दी गई व्यवस्था से परिषद् संज्ञानित हुई।

मद सं0:01:02 **(I) आई0आई0टी0 कानपुर एवं एच0बी0टी0यू0 कानपुर के मध्य हुए एम0ओ0यू0 के अनुसार "National Initiative for Setting up Design Innovation Centre (DIC)" योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।**

**(II) आई0आई0टी0 कानपुर एवं एच0बी0टी0यू0 कानपुर के मध्य हुए एम0ओ0यू0 के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने सम्पादित एम0ओ0यू0 से सम्बन्धित अब तक की कार्यवाही को संज्ञान में लिया और प्रोजेक्ट की अवशेष धनराशि को प्राप्त किये जाने हेतु सार्थक प्रयास किये जाने के निर्देश दिये।

मद सं0:01:03 **सिविल इंजी0 विभाग में इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेन्टर की स्थापना के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने सिविल इंजी0 विभाग में इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेन्टर की स्थापना हेतु ए0के0टी0यू0 द्वारा आवंटित धनराशि रू0 283.20 लाख के सापेक्ष प्राप्त 70.80 लाख में से व्यय की गई धनराशि 21.88 लाख को संज्ञान में लिया एवं साथ ही आवश्यकतानुरूप

अवशेष उपलब्ध धनराशि के उपयोग हेतु कुलपति को अधिकृत किया। उक्त के अतिरिक्त अवशेष आवंटित धनराशि को ए0के0टी0यू0 से प्राप्त करते हुये व्यय किये जाने हेतु कुलपति को अधिकृत किया।

मद सं0:01:04 **इन्क्यूबेशन हब भवन के निर्माण के सम्बन्ध में।**

परिषद् उ0प्र0 शासन द्वारा आवंटिन धनराशि से नवनिर्मित इन्क्यूबेशन हब भवन के हस्तान्तरण से एवं रूसा परियोजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन दूसरे इन्क्यूबेशन हब भवन की प्रगति से संज्ञानित हुई।

मद सं0:01:05 **स्टार्ट अप सेल की स्थापना के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने अधिष्ठाता, उद्भवन हब द्वारा प्रस्तावित एवं कुलपति द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय स्टार्ट अप सेल के गठन को संज्ञान में लेते हुये अपना अनुमोदन प्रदान किया तथा भविष्य में उपयोगिता अनुरूप सेल के संगठनात्म ढॉचे में किसी भी परिवर्तन/नामांकन हेतु कुलपति को अधिकृत किया। उक्त के विश्वविद्यालय जी0आई0आई0ई0सी0 सेल में स्टूडेन्ट रिप्रेजेन्टेटिव के रूप में द्वितीय वर्ष आयल टेक0 के छात्र अंकुर बसेडिया को भी नामित परिषद् ने किया।

मद सं0:01:06 **उदभवन हब परिषद के गठन एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

उद्भवन हब के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय अधिनियम में दी गई व्यवस्था से परिषद् संज्ञानित हुई। कार्य परिषद् द्वारा उदभवन हब परिषद हेतु नामित प्रोफेसर बी0वी0 फनी के प्रेषित ई–मेल के क्रम में उनके स्थान पर प्रोफेसर अमिताभ भट्टाचार्य को कार्य परिषद से नामित करने की संस्तुति परिषद् द्वारा की गयी।

मद सं0:01:07 **Innovation and Start-ups से संबंधित अग्रेतर योजना के सम्बन्ध में।**

**Innovation and Start-ups** की गतिविधियों को बढावा देने सम्बन्धित प्रस्तुत कार्य योजना के सन्दर्भ में परिषद् ने निर्देश दिये कि कार्य योजना को अन्तिम रूप देने हेतु एम0एस0एम0ई0, सिडबी एवं अन्य का सहयोग/मार्गदर्शन प्राप्त किया जाय तथा आगामी बैठक में विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की जाय।

मद सं0:01:08 **E-Summit 2018 एवं E-Summit 2019 के आयोजित कार्यक्रम के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने आयोजित कार्यक्रम E-Summit 2018 एवं E-Summit 2019 को संज्ञान में लिया और अपेक्षा की कि भविष्य में भी इस प्रकार कार्यकम आयोजित किये जाय।

मद सं0:01:09 **नीति आयोग की Shuruaat Bus की आइडिया पिचिंग से संबंधित सूचना के सम्बन्ध में।**

परिषद् नीति आयोग की Shuruaat Bus की आइडिया पिचिंग से संबंधित सूचना से संज्ञानित हुई और अपेक्षा की कि भविष्य में भी इस प्रकार कार्यकम आयोजित किये जाय।

मद सं0:01:10 उदभवन हब से संबंधित प्रगति आख्या कार्य परिषद को प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।

परिषद् उदभवन हब से संबंधित प्रगति आख्या से संज्ञानित हुई।

**मद सं0:01:11 वेन्चर कैटलिस्ट से संबंधित मास्टर क्लासेस के आयोजित कार्यक्रम के सम्बन्ध में।**

परिषद् द्वारा वेन्चर कैटलिस्ट से संबंधित मास्टर क्लासेस के आयोजित कार्यक्रम को संज्ञान में लिया गया और छात्र हित में भविष्य में भी मास्टर क्लासेस के आयोजन किये जाने के निर्देश दिये।

**मद सं0:01:12 उत्थान 2018 के आयोजित कार्यक्रम के सम्बन्ध में।**

परिषद् द्वारा उत्थान 2018 के आयोजित कार्यक्रम को संज्ञान में लिया गया।

**मद सं0:01:13 स्टार्ट–अप नीति निर्धारित करने हेतु अभिमत/सुझाव संबंधित ड्राफ्ट तैयार किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने प्रस्तुत Student Start-up and Innovation Policy को वर्तमान परिवेश के आवश्यकतारूप परिमार्जित करने के निर्देश दिये। साथ ही अपेक्षा की कि अन्य संस्थाओं के भी Policy का अध्ययन करते हुये Student Start-up and Innovation Policy बनायी जाये जिसमें एम0एस0एम0ई0, सिडबी एवं अन्य से प्राप्त सहयोग/मार्गदर्शन को भी सम्मिलित किया जाय।

(प्रो0 कृष्ण राज)
सदस्य–सचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
अध्यक्ष